वो हनुमान है | by Reshmi Sharma

जिसने साधे रघुवर के सारे काम हैं
जिसकी हर सांस पे केवल राम का नाम है
जो राम दीवाना कहलाता सरेआम है
वो हनुमान है
वो हनुमान है

जो सात समंदर लांघे और पल में लंका जलाये
जो अपने इस बल को भी बस राम कृपा बतलाये
जिसके मन में ना कण भर भी अभिमान है
वो हनुमान है
वो हनुमान है

वो राम जो जग का दाता जिस राम से दुनिया सारी
जिसने कितनो की नैया भाव सागर पार उतारी
उस राम पे भी जिस सेवक का एहसान है
वो हनुमान है
वो हनुमान है

जो जीत सके हरी मन को वो तीर नहीं तरकश में
सोनू हनुमान सिखाते भगवान भगत के वश में
जिसके सुमिरन से मिल जाते प्रभु राम हैं
वो हनुमान है
वो हनुमान है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-reshmi-sharma/